उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल महोदया एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त जी ने शिष्टाचार भेंट की।

उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल महोदया एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ के माननीय कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त जी ने शिष्टाचार भेंट की।

माननीय कुलपति जी ने विश्वविद्यालय में विभिन्न नवीन विषयों में आरंभ किये जाने वाले स्नातक, परास्नातक तथा स्नात्कोत्तर, एवं रोजगारपरक डिप्लोमा, वोकेशनल तथा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के बारे में माननीय राज्यपाल महोदया जी को अवगत कराया.

इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने छात्र कल्याण से जुड़े हुए नवीन कार्यों यथा कोऑपरेटिव मेस, छात्रावासों की साफ सफाई एवं उच्च प्रबंधन तथा छात्रावासों में नशाबदी अभियान के बारे में भी माननीय राज्यपाल महोदया जी को अवगत कराया.

इसके साथ ही, विश्वविद्यालय द्वारा मनाई जा रही रजत जयंती तथा सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती: 'एकता एवं प्रगति का उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की एवं माननीय राज्यपाल महोदया जी का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।